लखनऊ, शुक्रवार
23 फरवरी 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00
पृष्ठ 22+4=26

दैनिक जागरण

PAGE NO. 09 : BOTTOM LEFT

चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया बजट पर मंथन

जागरण संवाददाता, बरेली : केंद्र सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व पेश किये बजट पर गुरुवार शाम सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सोसाइटी ने मंथन किया। अयूब खां चौराहा पर स्थित होटल ओबराय आनंद में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीए रविंद्र अग्रवाल ने बजट को बेहद आसान शब्दों में विस्तृत रूप से बयां किया। उन्होंने बताया कि बजट में इंपोर्टेड मशीनरी से कस्टम ड्यूटी कम करने से मेक इन इंडिया को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अलावा कृषि को बढ़ावा और किसानों की आय बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा बजट में काफी व्यवस्था रखी गई है। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर टैक्स को उन्होंने शेयर मार्केट के लिए नकारात्मक बताया। इसके अलावा ट्रस्ट-चैरिटी के लिए दस हजार रुपये से ऊपर दी जाने वाली रकम पर तीस फीसद कर पर भी जानकारी दी। कार्यक्रम में यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष शिवम गुप्ता, सचिव भरत अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ.मनीष शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुधांशु अग्रवाल, उद्योगपति देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, उमेश धीरवानी, विक्रम भार्गव, वीरेंद्र स्वरूप अग्रवाल, राकेश बूबना, गुरु मेहरोत्रा, सुधांशू अग्रवाल आदि मौजूद थे।

सिविल लाइंस स्थित एक होटल में बजट पर हुई सेमिनार में बोलते सीए रविंद्र अग्रवाल